शुक्रवार, 31 मई 2019
हिन्दुस्तान

# बोर्ड बैठक

- मेट्रो के लिए दो लाइन का निर्माण होगा, एयरपोर्ट के लिए एक्सप्रेस लाइन होगी
- यमुना सिटी के सेक्टर जुड़ जाएंगे, प्रोजेक्ट पर करीब सात हजार करोड़ खर्च होंगे

# ग्रेटर नोएडा-जेवर मेट्रो को मंजूरी

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेटर नोएडा-जेवर एयरपोर्ट मेट्रो लाइन को यमुना प्राधिकरण बोर्ड ने गुरुवार को मंजूरी दे दी। अब इस रिपोर्ट को शासन को भेजा जाएगा। सरकार ही इसकी फंडिंग तय करेगी।

जेवर एयरपोर्ट लाइन को एक्वा लाइन के नॉलेज पार्क टू स्टेशन से जोड़ा जाएगा। यहां से एयरपोर्ट टर्मिनल तक मेट्रो की कुल लंबाई 35.64 किलोमीटर होगी। इसमें 32.27 किलोमीटर लाइन एलिवेटेड और 3.37 किलोमीटर भूमिगत होगी। इस रूट पर 25 स्टेशन होंगे। इस पर करीब 6969 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें दो लाइन बनेंगी। एक्सप्रेस वे लाइन सीधे एयरपोर्ट जाएगी जबकि सामान्य लाइन यमुना सिटी के सेक्टरों में रुकते हुए जाएगी। डीपीआर में बताया गया है कि मेट्रो फायदे का सौदा नहीं होगी लेकिन एयरपोर्ट के लिए बनाना जरूरी है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि डीपीआर को बोर्ड ने पास कर दिया। अब इसे शासन को भेजा जाएगा। शासन ही इसकी फंडिंग तय करेगा।

### रोज 50 हजार यात्री होंगे

जेवर में मेट्रो के अलावा यात्रियों को परिवहन के दूसरे साधन भी उपलब्ध कराए जाने हैं। जेवर एयरपोर्ट से एक साल में 50 लाख यात्री सफर करेंगे। इन लोगों को मेट्रो चलने से काफी सुविधा होगी। सर्वे के अनुसार इस रूट पर 50 हजार लोग सफर करेंगे।

### दो तरह की मेट्रो चलेगी

इस एलिवेटेड रूट पर दो तरह की मेट्रो को दौड़ाने की योजना है। पहली, सामान्य मेट्रो, जो हर स्टेशन पर रुकते हुए जाएगी। दूसरी एक्सप्रेस मेट्रो, जो कुछ चुनिंदा स्टेशनों पर ही रुकेगी, जिससे की एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों का समय बच सके।

### चार और रनवे बनेंगे

जेवर एयरपोर्ट की निविदा निकलने के साथ ही प्रदेश सरकार ने यहां चार और रनवे बनाने के लिए मंजूरी दे दी है। अब इसका सर्वे का काम पीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया है। कंसलटेंट कंपनी छह महीने में अपनी रिपोर्ट देगी।

> ब्योरा पेज 26




### एयरपोर्ट के लिए वैश्विक टेंडर जारी

ग्रेटर नोएडा। देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की वैश्विक निविदा जारी हो गई है। 30 अक्टूबर तक निविदा जमा करने की अंतिम तिथि है। 29 नवंबर को टेंडर खोले जाएंगे और उसी दिन कंपनी का चयन हो जाएगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने गुरुवार को पहले एयरपोर्ट की नियालजेवरडॉटकॉम नाम की वेबसाइट को लॉन्च किया। इसके बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की निविदा जारी की। इसकी निविदा दो लाख रुपये में मिलेगी। इसमें हिस्सा लेने वाली कंपनियां नियाल की वेबसाइट से टेंडर ले सकती हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदक अपने सवाल 1 जुलाई तक दे सकते हैं। 30 अगस्त तक कंपनियों के सवालों के जवाब दे नियाल देगी।

## टोल दरें बढ़ाने का प्रस्ताव खारिज

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेस वे की टोल दरें बढ़ाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड ने खारिज कर दिया। एक्सप्रेस वे प्रबंधन से दोबारा प्रस्ताव मांगा गया है।

यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसों को रोकने के लिए पूरे एक्सप्रेस वे स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रावधान किया गया। इस पर आने वाले खर्च को यात्रियों से वसूलने की तैयारी थी। इसके लिए करीब 10 से 20 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से टोल बढ़ाना था। प्राधिकरण ने एक्सप्रेस वे प्रबंधन से अब नये सिरे से प्रस्ताव बनाने के लिए कहा है। इसी कारण से गुरुवार को हुई बैठक में यह प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। यमुना प्राधिकरण ने आईआईटी दिल्ली से सुरक्षा ऑडिट कराया था।

## जमीन की दर आठ फीसदी तक बढ़ाई

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

**200**

मीटर तक भूखंड के दाम आठ प्रतिशत बढ़ाए गए, 200 मीटर से अधिक भूखंड की दर छह प्रतिशत बढ़ाई

**अभी प्राधिकरण की जमीन की दरें**

| | |
|---|---|
| आवासीय | ₹ 15620 वर्ग मीटर |
| व्यावसायिक | ₹ 34080 वर्ग मीटर |
| औद्योगिक | ₹ 3885-6405 वर्ग मीटर |
| संस्थागत | ₹ 3990-7560 वर्ग मीटर |
| सरकारी दफ्तर के लिए | ₹ 5250 वर्ग मीटर |
| अस्पताल | ₹ 9975 वर्ग मीटर |
| कॉरपोरेट दफ्तर | ₹ 11025 वर्ग मीटर |

यमुना प्राधिकरण की 65वीं बोर्ड बैठक में जमीनों की दरें बढ़ाने पर मुहर लग गई है। प्राधिकरण ने 6 से 8 प्रतिशत तक जमीनों के दाम बढ़ाए हैं। यह बढ़ोतरी आवासीय, ग्रुप हाउसिंग, औद्योगिक, संस्थागत, व्यावसायिक समेत सभी तरह की संपत्तियों पर लागू होगी। छोटे आवासीय भूखंडों की कीमत में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

यमुना प्राधिकरण ने जमीन की दरों में बढ़ोतरी कर दी है। आवासीय में भूखंडों के साइज के हिसाब से यह बढ़ोतरी की गई है। 200 मीटर तक के भूखंडों की दर में आठ फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। आवासीय जमीन की दर अभी 15620 रुपये प्रति वर्ग मीटर है जबकि 200 मीटर से अधिक के भूखंडों की कीमत में 6 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। ग्रुप हाउसिंग/बिल्डर भूखंड पर 6 प्रतिशत दाम बढ़ाए गए हैं। संस्थागत/औद्योगिक भूखंडों की दर में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। आईटी के भूखंडों में भी 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि इसके अलावा जमीन की जो अन्य कैटेगरी हैं, उन पर भी 6 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

यमुना प्राधिकरण ने जमीन के दाम कई वर्ष बाद बढ़ाए हैं। जेवर एयरपोर्ट के निर्माण पर अंतिम मुहर लगने के बाद यह दरें बढ़ाई गई हैं। प्राधिकरण को भी उम्मीद है कि उसकी हालत अब सुधरेगी इसीलिए यह बढ़ोतरी की है।

## 3684 करोड़ का बजट पास किया

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए 3684 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया। जेवर एयरपोर्ट के लिए 450 करोड़ और मेट्रो व मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 103 करोड़ रुपये गांवों के विकास पर खर्च होंगे।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि इस बार 3684 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया है। यह पिछले वर्ष से 1385 करोड़ रुपये अधिक है। इस बार प्राधिकरण ने 2223 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है। पिछले साल 135 करोड़ की राजस्व वसूली हुई थी।